GURUKUL INTERNATIONAL SR. SEC. SCHOOL
MODERNITY WITH TRADITION
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI

# आवधिक परीक्षा(अप्रैल, 2023)

## कक्षा- सातवीं

समय :-60 मिनट　　　　विषय-हिंदी　　　　पूर्णांक:- 40

सामान्य निर्देश:-

1.प्रश्न पत्र ध्यान से पढ़ें तथा उत्तर सुंदर लेख में लिखें।

2.प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें ।

3.सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

GISS PT1 2023

### भाग-क अपठित गद्यांश　　　　(5 अंक)

प्रश्न1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें:

सदाचारी व्यक्ति अपने काम से बड़े बनते हैं। दुराचारी व्यक्ति दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके बड़प्पन बटोरना चाहते हैं। लेकिन एक न एक दिन उनकी कलई खुल जाती है। उनके अनुचित कार्य उनको कहीं का नहीं छोड़ते। इतना होने पर भी वे बेशर्म होकर अच्छे लोगों की बुराई करने में अपना समय बर्बाद करते रहते हैं। किसी की प्रशंसा सुनना उनके कानों को अच्छा नहीं लगता। इतने ही परिश्रम से यदि वे अच्छे कार्य करें, तो वे भी अच्छे आदमी बन सकते हैं, सम्मान पा सकते हैं। परन्तु वे अपनी आदत से मजबूर हैं, उनके मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है।
सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके चैन की नींद सोता है और सुखी रहता है। दुराचारी व्यक्ति बुरे काम करके अपना सुख-चैन नष्ट करता है, अपने मन को बीमार करता है। मन की बीमारी कुछ दिनों में शरीर की भी बीमारी बन जाती है।

(i) दुराचारी व्यक्ति किस प्रकार बड़प्पन बटोरना चाहते हैं?

(ii) दुराचारी व्यक्तियों के कानों को क्याअच्छा नहीं लगता ?

(iii) दुराचारी व्यक्ति अच्छे काम क्यों नहीं कर सकते ?

(iv) चैन की नींद कौन सोता है ?

(v) मन की बीमारी कुछ दिनों में किसकी बीमारी बन जाती है?

## भाग- ख व्याकरण **(1x8=8)**

प्रश्न -2 निम्नलिखित समस्त पदों में समास विग्रह कीजिए ।

(i) रुपया-पैसा (ii) गुरु -शिष्य

प्रश्न-3 निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करें।

पानी की तरह पैसा बहाना

प्रश्न-4 निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलें ।

(i) लड़ना (ii) खाली

प्रश्न-5 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।

(i) पवित्र (ii) उदार

प्रश्न-6 निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद करें ।

(i) चंद्रोदय (ii) सर्वोत्तम

प्रश्न-7 'इत' प्रत्यय के प्रयोग से कोई दो नए शब्द बनाएँ ।

प्रश्न-8 निम्नलिखित शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें ।

चंद्रमा

GISSS PT1 2023

प्रश्न -9 वचन बदलें ।

हाथों , मुख

## भाग- ग पाठ्य-पुस्तक **(अंक 12)**

**प्रश्न-10** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **(2x3=6)**

(i) बच्ची ने माँ के किस कार्य को धोखा माना है ?

(ii) अप्पाराव के पिता कब बहुत निराश होकर रोए?

(iii) बिना साहस के क्या संभव नहीं है ?

**प्रश्न-11** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए ।

**(3x2=6)**

(i) बुद्धन सिंह का उदाहरण हमें क्या प्रेरणा देता है ?

(ii) जिस प्रकार की अप्पाराव की आदतें थीं , लंबे समय में उसका क्या प्रभाव पड़ता ? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

## भाग- घ (लेखन) **(5x3=15)**

प्रश्न-12 छात्रवृत्ति के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

**या**

अपनी सहेली या मित्र को उसके जन्मदिन पर न पहुँच पाने का कारण बताते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न-13 भाई के विवाह पर अपने मित्र रोहन को निमंत्रित करते हुए ई-मेल लिखें ।

**या**

GISSS PT1 2023

भाई को परीक्षा में मिली सफलता पर बधाई देते हुए ई -मेल लिखें।

प्रश्न-14 निम्नलिखित में से संकेत बिंदुओं पर आधारित कोई एक अनुच्छेद लिखें।
'समय किसी के लिए नहीं रुकता'

संकेत बिंदुः- समय का महत्व
समय का सदुपयोग समय का दुरुपयोग

या

'कंप्यूटर आज की जरूरत '
संकेत बिंदुः-कंप्यूटर का परिचय कंप्यूटर की उपयोगिता कंप्यूटर की हानियाँ

GISSS PT1 2023